मेरी मैया शेरावाली

मेरी मैया शेरावाली मेरी मैया ज्योत वाली
बन के जग जननी माता तू करती है रखवाली
तेरी महिमा महिमा सब से निराली है
मेरी मैया सब के दुखड़े हरने वाली है
मेरी मैया शेरावाली मेरी मैया ज्योत वाली

चम चम लाल चोला मैया के तन भाये
चम चम लाल चुनरियाँ मैया के तन भाये
जो मैया के दर आता वो सब कुछ पा जाता,
तेरी महिमा महिमा सब से निराली है
मेरी मैया सब के दुखड़े हरने वाली है
मेरी मैया शेरावाली मेरी मैया ज्योत वाली

निर्धन को माया दे कर मैया दिखलाती है
कोडिन को काया देकर मैया हर्षाती है
जो दुखियां दर पे आये वो खाली कभी न जाए
तेरी महिमा महिमा सब से निराली है
मेरी मैया सब के दुखड़े हरने वाली है
मेरी मैया शेरावाली मेरी मैया ज्योत वाली

मेरी मैया ममता मई बन ममता बरसाती है
दुर्गा काली रूप धर के पापियों को मिटाती है,
माँ के चरणों में आकर सारा जग है झुक जाता
तेरी महिमा महिमा सब से निराली है
मेरी मैया सब के दुखड़े हरने वाली है
मेरी मैया शेरावाली मेरी मैया ज्योत वाली

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20130/title/meri-maiya-sheravali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |